भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2637

<u>दिनांक 16 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

## टीआईए पोर्टल की कार्यप्रणाली

**2637. श्री तेजस्वी सूर्या:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या व्यापार आसूचना एवं विश्लेषण (टीआईए) पोर्टल हितधारकों को पारदर्शी, सुलभ और व्यापक व्यापार डेटा प्रदान करता है और इस प्लेटफॉर्म की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(ख) क्या टीआईए पोर्टल विशेष रूप से एमएसएमई, स्टार्टअपों और छोटे निर्यातकों को लाभान्वित करेगा, क्योंकि इससे उन्हें व्यापार संबंधी जानकारी तक पहुंच मिलेगी, जो पहले केवल बड़े उद्यमों के लिए ही उपलब्ध थी और यह प्लेटफॉर्म किस प्रकार मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के बेहतर उपयोग में सहायता करेगा;

(ग) क्या सरकार ने निर्यात पोर्टल, ट्रेडस्टेट पोर्टल और निगरानी डैशबोर्ड जैसी पुरानी प्रणालियों को समाप्त कर दिया है और स्वचालित डेटा मिलान, एपीआई एकीकरण और निर्बाध डेटा लेने की क्षमता वाले अधिक उन्नत टीआईए पोर्टल को अपनाया हैं;

(घ) क्या मार्च 2024 में शुरू किए गए टीआईए पोर्टल का विकास साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण, व्यापार विविधीकरण और लक्षित क्षेत्रीय उपायों को बल देगा;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि इस प्लेटफॉर्म को लगातार बेहतर बनाने के लिए हितधारकों की प्रतिक्रिया को भी इसमें शामिल किया जाए?

## उत्तर

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) : वाणिज्य विभाग ने भारत के निर्यात इकोसिस्टम को मज़बूत बनाने के लिए एक रणनीतिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के तौर पर व्यापार आसूचना एवं विश्लेषण (टीआईए) पोर्टल लॉन्च किया है। अलग-अलग राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार डेटाबेस को एक सहज एनालिटिकल फ्रेमवर्क में समेकित करके, यह पोर्टल सभी हितधारकों के लिए पारदर्शी, सुलभ और व्यापक

व्यापार आासूचना प्रदान करता है। यह एकीकरण निर्यातकों, नीति निर्माताओं और व्यापार संवर्धन निकायों को रियल टाइम में भारत के व्यापार कार्य निष्पादन की निगरानी करने, वैश्विक प्रवाह का आकलन करने और नए बाज़ार के अवसरों की पहचान करने की क्षमता प्रदान करता है। पब्लिक इंटरफ़ेस भारत-स्तर की व्यापार संबंधी जानकारी प्रदान करता है, जबकि उन्नत सुविधाएँ - जिसमें वैश्विक डेटा, प्रतिस्पर्धी विश्लेषण और क्षेत्रीय रुझान शामिल हैं - विशेष रूप से वाणिज्य विभाग, संबंधित मंत्रालयों, विदेशों में भारतीय मिशनों, निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसीएस) और कमोडिटी बोर्ड सहित नीति निर्माताओं और हितधारकों की विश्लेषणात्मक क्षमताओं को मज़बूत करता हैं।

टीआईए पोर्टल की मुख्य विशेषताएं जो भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करती हैं, उनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

i. एकीकृत व्यापार आसूचना हब: निर्यातकों और नीति निर्माताओं के लिए वैश्विक और द्विपक्षीय व्यापार डेटा को एकीकृत करने वाला एक वन-स्टॉप शॉप।

ii. ऑटोमेटिड एनालिटिक्स: सुव्यवस्थित वर्कफ़्लो जो मैनुअल प्रक्रियाओं की जगह लेते हैं, जिससे 220 से अधिक देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय व्यापार में गहरी जानकारी मिलती है।

iii. उन्नत निगरानी टूल्स : ट्रेड वॉच टॉवर जैसे डैशबोर्ड कमोडिटी, बाजार और क्षेत्रीय एनालिटिक्स प्रदान करते हैं, जो विविधीकरण और अवसर की मेपिंग में सहयोग प्रदान करते हैं।

iv. संवर्धित विज़ुअलाइज़ेशन: 28 डैशबोर्ड में 270 से अधिक इंटरैक्टिव विज़ुअलाइज़ेशन उपयोगिता में सुधार करते हैं, व्यापक क्षमताओं के साथ पुरानी प्रणालियों की जगह लेते हैं।

v. ऑटोमेटेड रिपोर्टिंग: एपीआई-ड्रिवन कोलेशन और एक्सट्रैक्शन पहुँच को आसान बनाते हैं, जबकि मासिक ट्रेड रिपोर्ट (300+ पेज) और सर्ज रिपोर्ट (30+ पेज) पूर्ण रूप से ऑटोमेटेड हैं।

टीआईए पोर्टल एक डेटा प्लेटफ़ॉर्म से कहीं ज़्यादा है - यह भारत की निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देने वाला एक कार्यनीतिक माध्यम है, जो वैश्विक व्यापार में लचीलेपन, विविधीकरण और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है।

(ख): व्यापार आसूचना एवं विश्लेषण (टीआईए) पोर्टल संपूर्ण देश में व्यापार पैटर्न का एक व्यापक नज़रिया प्राप्त करने के लिए एमएसएमईएस, स्टार्टअप्स और छोटे निर्यातकों को सक्षम बनाएगा । टीआईए पोर्टल का पब्लिक इंटरफ़ेस कस्टमाइज़्ड एनालिसिस के लिए आसानी से डेटा निकालने की सुविधा देता है और विशिष्ट देशों के साथ व्यापार की जाने वाली शीर्ष कमोडिटीज़ के बारे में जानकारी प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ताओं को बाजार की प्रवृत्तियों और नए अवसरों को पहचानने में मदद मिलती है। टीआईए पोर्टल छोटे निर्यातकों को बिना किसी विशिष्ट तकनीकी विशेषज्ञता के स्वतंत्र रूप से बाजार, उत्पाद और व्यापार प्रवृत्तियों का अध्यन करने में सक्षम बनाता है।

(ग): व्यापार निगरानी डैशबोर्ड और निर्यात पोर्टल की मौजूदा क्षमताओं को बेहतर संवर्धित एनालिटिकल क्षमताओं और अतिरिक्त विशेषताओं के साथ टीआईए पोर्टल में एकीकृत किया गया है।

(घ): टीआईए पोर्टल में हर डैशबोर्ड को डेटा-आधारित, साक्ष्य आधारित निर्णय लेने के लिए प्रोत्सहित करने हेतु डिज़ाइन किया गया है, ताकि व्यापार में विविधता लाने, लक्ष्य देशों और क्षेत्रों में निर्यात के अवसरों पर निर्णय लेने पर सक्षम बनाए जा सकें । सभी संबंध मंत्रालयों, विभागों, ईपीसी और सभी संबंधित हितधारकों के साथ, टीआईए पोर्टल साक्ष्य आधारित नीति निर्माण में सहयोग प्रदान करेगा।

(ड.): ट्रेड वॉच टावर और चैंपियन प्रोडक्ट्स डैशबोर्ड जैसे मुख्य मॉड्यूल बाज़ार के अवसरों और प्राथमिकता वाले उत्पादों की पहचान करने में मदद करते हैं, जबकि कमोडिटी एनालिटिक्स कार्यनीतिक योजना के लिए प्रतिस्पर्धियों का गहराई से मूल्यांकन करने में सक्षम बनाता है। ऑटोमेटेड वर्कफ़्लो व्यापक मासिक व्यापार रिपोर्ट तैयार करते हैं। टीआईए पोर्टल में वैश्विक और द्विपक्षीय व्यापार डेटा को एकीकृत करने की मुख्य विशेषता तुलनात्मक विश्लेषण, नीति मूल्यांकन और बाज़ार को प्राथमिकता देने में मदद करती है, जिससे भारत का व्यापार आसूचना इकोसिस्टम मज़बूत होता है।

(च): टीआईए पब्लिक पेज (https://trade-analytics.commerce.gov.in/public/contactUs) पर एक समर्पित मॉड्यूल लोगों से रियल टाइम आधार पर फीडबैक लेने में सक्षम बनाता है, साथ ही एक समर्पित ईमेल आईडी ('ट्रेड एनालिटिक्स' trade.analytics@commerce.gov.in) का उपयोग फीडबैक ट्रैक करने, सरकारी अधिकारियों को पहुँच प्रदान करने और अन्य कार्य के लिए किया जा रहा है।

****